Fourteenth Loksabha

Session : 13
Date : 26-02-2008

Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title: Need to accord priority for conversion of metre gauge railway line into broad gauge line from Dhansa to Jetalsar in Amreli Parliamentary Constituency of Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : मेरे गृह राज्य गुजरात के सौराट्र में रेलवे के विकास कार्य एवं सुविधा की बहुत उपेक्षा हो रही है, जिसके कारण सौराट्र में अधिकतर मीटर गेज लाइन हैं और मीटर गेज लाईन होने के कारण सौराट्र के लोगों को भारत के अन्य भागों में सीधी रेल सेवा नहीं मिल पा रही है। सौराट्र का अधिकांश हिस्सा समुद्री तट पर है, जहां पर विदेशों से आयात एवं निर्यात किया जा सकता है, परंतु रेलवे की सौराट्र से अन्य भागों के लिए मालगाड़ियों के अभाव में इन समुद्री तट का प्रयोग सर्वोत्तम ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। रेलवे की सुविधा के अभाव में सौराट्र के बंदरगाहों का विकास नहीं हा पा रहा है और न ही समुद्रीय उत्पादों का विकास हो रहा है, जिसकी सौराट्र में काफी संभावना है। मेरे संसदीय क्षेत्र में एक काम केवल ढांसा से जेतलसर के बीच मीटर गैज लाईन को ब्राड गैज लाईन मंजूर हुआ है, परंतु अभी तक इसके लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं की गई है। योजना विभाग में इस कार्य को प्राथमिकता वाला नहीं माना गया है। जिसके कारण सौराट्र की जनता को इस कार्य के लिए पांच से दस साल तक इंतजार करना पड़ेगा। सौराट्र में रहने वाले लोग रेल सुविधा से आजादी के 60 साल बाद भी वंचित हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि सौराट्र में मीटर गेज लाईन को ब्राड गैज लाईन में बदलने को प्राथमिकता दी जाए।